प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार हुआ समाप्त, आखिरी दिन एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत।
- पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का काम हुआ शुरू, पांच जिलों के 225 बूथों पर हेलीकॉप्टर से भेजे गये मतदानकर्मी।
- अब दूसरे चरण में 20 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक प्रचार अभियान पर लगायेंगे जोर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल गिरिडीह में करेंगे दो चुनावी सभाएं।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के अवर सचिव संजय प्रसाद श्रीवास्तव को किया निलंबित। और,
- रांची पुलिस ने स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप हत्याकांड में हथियार के साथ पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार।

****

राज्य में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए आज चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि अब उम्मीदवार केवल डोर टू डोर जनसम्पर्क अभियान चला सकेंगे।

पहले चरण में राज्य की 43 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में कुल छह सौ तिरासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में 15 हजार तीन सौ चौवालीस मतदान केन्द्रों पर एक करोड़ 36 लाख 85 हजार से अधिक वोटर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

****

पहले चरण के मतदान के लिए मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों पर भेजने का सिलसिला शुरु हो गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि संवेदनशील माने जाने वाले पांच जिलों पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा और गुमला के 225 मतदान केंद्रों पर हेलीकाप्टर के जरिये मतदानकर्मियों को भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शेष मतदानकर्मियों को कल बूथों के लिए रवाना किया जायेगा।

****

पहले दौर का चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अब सभी राजनीतिक दलों ने 20 नवंबर को दूसरे चरण में राज्य की 38 विधानसभा सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इस सिलसिले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल गिरिडीह आयेंगे। वे बगोदर स्टेडियम में विजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे देवरी में भी चुनावी रैली करेंगे।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत वर्चुअल माध्यम से झारखंड में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। श्री मोदी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पूरी ताकत बूथ पर लगायें और लोकतंत्र के इस उत्सव को खास बनायें।

****

कांग्रेस नेता सह प्रोफेशनल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल ने आज भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने आदित्य विक्रम जायसवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

****

प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया है। इस सिलसिले में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपकर श्री शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

****

विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में रामगढ़ जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रामगढ़ उपायुक्त चन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की मौजूदगी में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

उधर, जामताड़ा और हजारीबाग समेत कई अन्य जिलों में भी मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाये गये।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के अवर सचिव संजय प्रसाद श्रीवास्तव को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही इनकी सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को वापस करने का निर्देश दिया है। उनपर राजनीतिक दलों के साथ पक्षपात करने का आरोप है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी सिमडेगा जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

****

रांची पुलिस ने स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप हत्याकांड में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि डीजल चोरों को रंगे हाथ पकड़ लेने के कारण अपराधकर्मियों ने इसी वर्ष दो अगस्त की रात अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

****

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए।

*******समाप्त*******